SPICES BOARD
(Ministry of Commerce & Industry Govt. of India)
Sugandha Bhavan
N.H.By-pass
P.B.No. 2277
Palarivattom P.O.
Kochi - 682 025, India

स्पाइसेस बोर्ड
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
सुगन्ध भवन
एन.एच.बाईपास
पी. बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ.
कोच्ची - 682 025, भारत

परिपत्र सं:**08/2023-24** **18 जुलाई, 2023**

विषय: चीनी जनवादी गणराज्य द्वारा निर्धारित पंजीकरण विनियम पर जानकारी - बाबत

संदर्भ: 1. परिपत्र सं.13/2021 दिनांक 22.10.2021
2. परिपत्र सं: 16/2021 दिनांक 29.11.2022
3. परिपत्र सं: 08/2022-23 दिनांक 25.07.2022
4. परिपत्र सं: 16/2022-23 दिनांक 06.10.2022
5. परिपत्र सं: 20/2022-23 दिनांक 15.12.2022
6. परिपत्र सं: 22/2022-23 दिनांक 10.02.2023
7. परिपत्र सं: 04/2023-24 दिनांक 29.05.2023

उपरोक्त परिपत्रों के क्रम में, आपको यह सूचित किया जाता है कि जीएसीसी पंजीकरण (पिसे हुए मसाले के निर्यात के लिए सीआईएफईआर पंजीकरण) के विपंजीकरण से बचने के लिए सीआईएफईआर पोर्टल में विवरण का अद्यतन करने (आशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत करना) की अंतिम तारीख 21 जुलाई 2023 तक बढ़ा दी गई है। 21 जुलाई के बाद रखे गए अद्यतन अनुरोधों पर बोर्ड प्रक्रम नहीं कर सकता है।

साथ ही, सभी फर्म जिन्होंने सीआईएफईआर पोर्टल में आशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, वे 25 जुलाई 2023 के भीतर निदेशक विपणन, स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, सुगंध भवन, एन.एच. बाई पास, पालारिवट्टम पी.ओ, कोच्ची - 682025 को संलग्नक 5-2-7 (वह वर्ड फाइल जिसे ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण पूरा करने के बाद बोर्ड द्वारा साझा किया जाएगा) की हार्ड कॉपी अग्रेषित करेगा।

यह ध्यान देना है कि उन फ़र्मों, जिनको सीआईएफईआर पोर्टल में प्रारंभिक एक बार पंजीकरण दिया गया है, के मामले में, विवरण का ऑनलाइन अद्यतन और आगे की पुनरीक्षा और संस्तुति के लिए स्पाइसेस बोर्ड को संलग्नक 5-2-7 की आगे की प्रस्तुति जीएसीसी की सीआईएफईआर प्रणाली में विपंजीकरण से बचने के लिए अनिवार्य है। सीआईएफईआर प्रणाली में विवरण अद्यतन करने केलिए अनुपालन किए जाने वाली प्रक्रिया निर्यातकों के साथ, स्पाइसेस बोर्ड के साथ पंजीकृत ई-मेल पर साझा किया गया है। वही संलग्नक I के रूप में परिपत्र सं. 04/2023-24 में प्रदान किया गया है, जिसका संदर्भ ले सकता है।

डॉ. ए.बी. नारायण शर्मा

निदेशक विपणन

प्रति
मसाले एवं मसाला उत्पादों के सभी निर्यातक

(फाइल सं.:विपणन-क्युआर/0001/2020-विपणन-18053 से जारी)